दिनांक : 05.03.2025 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री बजट वेबिनार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज बजट-पश्चात आयोजित वेबिनार में हिस्सा लिया। श्री मोदी ने 'लोगों, अर्थव्यवस्था और नवाचार में निवेश' विषय पर आयोजित वेबिनार में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। उन्होंने कहा कि यह बजट भारत के भविष्य का ब्लू प्रिंट बनकर आया है। उन्होंने कहा कि भारत में स्वास्थ्य पर्यटन में काफी संभावना है इसमें लोगों को निवेश करना चाहिए। इस वेबिनार का उद्देश्य अर्थव्यवस्था को मज़बूत करने, नवाचार को बढ़ावा देने के साथ टिकाऊ और समावेशी विकास का मार्ग प्रशस्त करना है।

पीएम – वंतारा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के जामनगर में कल एक अद्वितीय वन्यजीव संरक्षण, बचाव और पुनर्वास पहल, वंतारा का उद्घाटन किया। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह पहल पारिस्थितिक स्थिरता और वन्यजीव कल्याण को बढ़ावा देते हुए जानवरों के लिए एक सुरक्षित आश्रय प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि वंतारा जैसा प्रयास वास्तव में सराहनीय है, जो इस ग्रह का उपयोग करने वाले लोगों की रक्षा करने के भारत के सदियों पुराने लोकाचार का एक जीवंत उदाहरण है।

ग्राम पंचायत - महिला

पंचायती राज राज्य मंत्री प्रोफेसर एस. पी. सिंह बघेल तथा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने आज नई दिल्ली में आयोजित एक राष्ट्रीय सम्मेलन में पंचायती राज मंत्रालय की आदर्श महिला-अनुकूल ग्राम पंचायत पहल की शुरुआत की। यह पहल मंत्रालय के अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 समारोह का एक हिस्सा है। इसका उद्देश्य प्रत्येक जिले में कम से कम एक आदर्श महिला-अनुकूल ग्राम पंचायत की स्थापना करना है। इस कार्यक्रम में विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को मनाया जाएगी। इसके पहले रायसेन में कल महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें स्काई सोशल संस्था द्वारा महिलाओं के कानूनी अधिकार और मानसिक स्वास्थ्य, सरकारी योजनाएं और डिजिटल सुरक्षा के बारे में जानकारी प्रदान की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा ने कक्षा में प्रथम आने बाली 5 बालिकाओ को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये।

क्रिकेट-आईसीसी

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में आज लाहौर में दक्षिण अफ्रीका का मुकाबला न्यूजीलैंड से होगा। मैच दोपहर ढाई बजे शुरू होगा। इससे पहले, कल शाम भारत ने दुबई में ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराकर आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में प्रवेश किया।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वरिष्ठ भाजपा नेता और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा कि श्री चौहान देश की कृषि और किसानों के कल्याण के साथ-साथ गांवों के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।
- सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विद्‌यार्थियों से अपने काम पर ध्यान केंद्रित करने और लक्ष्य के लिए प्रतिबद्‌ध रहने का आग्रह किया है। श्री वैष्णव ने नई दिल्ली में भारतीय जनसंचार संस्थान-**आई आई एम सी** के 56वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे।
- केंद्रीय खाद्‌य प्रसंस्करण उद्‌योगमंत्री चिराग पासवान आज सुबह उज्जैन में श्री महाकालेश्वर भगवान के दर्शन करने पहुंचे। वह भस्म आरती में भी सम्मिलित हुए। श्री चिराग करीब दो घंटे तक मंदिर में रहे ।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज नरसिंहपुर जिले के तेंदूखेड़ा में के लोलरी गांव में स्थानीय कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।
- नर्मदापुरम के शासकीय पॉलिटेक्निक में महिलाओं के लिए हुनर इनिशिएटिव के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- जबलपुर हाईकोर्ट ने तेज आवाज में बजने वाले डीजे को लेकर राज्य सरकार से जवाब तलब कर पूछा है कि डीजे पर प्रतिबंध लगाने के लिए अब तक क्या कार्रवाई की है।
- आगरमालवा जिले में पदस्थ अराजपत्रित महिला पुलिस अधिकारियों के लिये पुलिस लाईन में टू बीएचके मकानों के लिए शासन ने चार करोड़ रूपये की स्वीकृति दी है।
- बैतूल के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस जेएच कॉलेज में भारतीय ज्ञान परंपरा के तहत सुरक्षा नेतृत्व विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई।

....